राजस्थान सरकार

आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan

Website: http://hte.rajasthan.gov.in/ e-mail: cce_raj@yahoo.com Phone: 0141-2706847 (O);

पत्रांक: CCE/ P&C/ ISDC/ 2019/ ---909--- Date: 17th January 2019

प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषयः सभी राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ दिनांक 21 जनवरी 2019 को अपरान्ह 2.00 बजे से 4.00 बजे तक वीडियो कॉन्फ्रेसिंग द्वारा संवाद के संबंध में।

राज्य सरकार द्वारा राजकीय महाविद्यालयों में प्रारम्भ की जाने वाली योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु संवाद करने के लिये निर्देशित किया जाता है कि दिंनाक 21 जनवरी 2019 को अपरान्ह 1.30 बजे तक निम्नानुसार निकटवर्ती वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग केन्द्र (अटल सेवा केन्द्र पर DOITC द्वारा स्थापित वीडियो कॉन्फ्रेन्स कक्ष) पर पहुंचना सुनिश्चित करें। इस बैठक में प्रत्येक महाविद्यालय से प्राचार्य तथा उनके साथ प्रतियोगी परीक्षा प्रभारी (दो व्यक्तियों) को उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया जाता है।

1. जिला मुख्यालय पर स्थित राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य जिला कलैक्टर/जिला परिषद परिसर में स्थित DOITC वाले वीडियो कॉन्फ्रेन्स केन्द्र पर पहुंचना सुनिश्चित करें।
2. ब्लॉक स्तर पर स्थित राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य पंचायत समिति मुख्यालय में स्थापित DOITC वाले वीडियो कॉन्फ्रेन्स केन्द्र पर पहुंचना सुनिश्चित करें।
3. अधिशेष महाविद्यालयों के प्राचार्य निकटतम पंचायत समिति पंचायत समिति मुख्यालय में स्थापित DOITC वाले वीडियो कॉन्फ्रेन्स केन्द्र पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

इस बैठक में निम्न बिन्दुओ पर चर्चा की जानी हैं –

1. महाविद्यालयों में विद्यार्थियों के लिये प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग कक्षाएं प्रारम्भ करवाना।
2. 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों के लिये सामान्य ज्ञान की पुस्तक का निःशुल्क वितरण।
3. महाविद्यालयों के विकास एवं विद्यार्थी हित केन्द्रित विभिन्न योजनाओं की 100 दिवसीय कार्य योजना।
4. महाविद्यालयों में विद्यार्थियों के लिये भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में यथा निर्देशित विभिन्न समितियों का गठन एवं क्रियान्वयन।
5. विद्यार्थियों में रोजगारपरक क्षमता विकास हेतु उद्यमिता एवं कौशल विकास पाठ्यक्रम एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करवाना।
6. विमर्श योग्य अन्य तात्कालिक बिन्दू।

प्रदीप कुमार बोरड़, IAS
विशिष्ठ शासन सचिव, उच्च शिक्षा, एवं
आयुक्त, कालेज शिक्षा, राजस्थान

पत्रांक: CCE/P&C/ISDC//2019/...909... Date: 17th January 2019

सूचनार्थ प्रतिलिपी:

1. निजी सचिव, आयुक्त, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
2. संयुक्त निदेशक, HRD/Acad./Admn/RUSA/P&C/RVRES, आकाशि, जयपुर इस बैठक में योजाना भवन स्थित सूचना, प्रोद्योगिकी एवं संचार विभाग के वीडियो कान्फ्रेन्गि हॉल में उपस्थित रहेंगे।
3. तकनीकी निदेशक, सूचना, प्रोद्योगिकी एवं संचार विभाग, राजस्थान, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि इस वीडियो कान्फ्रेन्गि हेतु संबंधितों को आवश्यक व्यवस्था हेतु निर्देशित करें।
4. क्षेत्रीय सहायक निदेशक, जयपुर/अजमेर/कोटा/भरतपुर/जोधपुर/बीकानेर/उदयपुर इस बैठक में उपस्थित रहेंगे।
5. वैब प्रभारी को अपलोड करने हेतु/ रक्षित पत्रावली।

आयुक्त, कालेज शिक्षा